A3

A4

A5

AT Home

NV

दृष्टि The Vision

drishti

GENERAL STUDIES (Test–6)

निर्धारित समय: तीन घंटे Time allowed: Three Hours	DTVF/22 (O-A)–M–GSM (M-I)-2306	अधिकतम अंक: 250 Maximum Marks: 250

Name: Manisha Dharve Mobile Number: _____

Medium (English/Hindi): Hindi Reg. Number: DMNR-8298

Center & Date: Nehru Vihar 23/12/2022 UPSC Roll No. *(If allotted)*: _____

प्रश्न-पत्र के लिये विशिष्ट अनुदेश

कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें:

*इसमें **बारह** प्रश्न हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हैं।*

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिये गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहियें जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिये। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिये।

प्रश्न-सह-उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिये।

QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

Please read each of the following instruction carefully before attempting questions:

*There are **TWELVE** questions printed both in **HINDI** and **ENGLISH**.*

All the questions are compulsory.

The number of marks carried by a question is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

केवल मूल्यांकनकर्त्ता द्वारा भरा जाए (To be filled by Evaluator only)

Question Number	Marks	Question Number	Marks
1 (a)		5 (b)	
1 (b)		6 (a)	
2 (a)		6 (b)	
2 (b)		7.	
3 (a)		8.	
3 (b)		9.	
3 (c)		10.	
4 (a)		11.	
4 (b)		12.	
5 (a)			
Grand Total (सकल योग)			

मूल्यांकनकर्त्ता (हस्ताक्षर)
Evaluator (Signature)

पुनरीक्षणकर्त्ता (हस्ताक्षर)
Reviewer (Signature)

A3

drishti | दृष्टि The Vision

Feedback

1. Context Proficiency (संदर्भ दक्षता)
2. Introduction Proficiency (परिचय दक्षता)
3. Content Proficiency (विषय-वस्तु दक्षता)
4. Language/Flow (भाषा/प्रवाह)
5. Conclusion Proficiency (निष्कर्ष दक्षता)
6. Presentation Proficiency (प्रस्तुति दक्षता)

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

खंड - क/ SECTION - A

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

1. (a) नैतिकता (Ethics) क्या है? क्या हम इस बात से सहमत हैं कि मानवीय व्यवहार में नैतिकता का अनुपालन किसी संगठन के बेहतर कार्यकरण को प्रोत्साहित करेगा? उदाहरण देते हुए पुष्टि कीजिये कि नैतिकता दिन-प्रतिदिन के कार्यकरण में संघर्षों को दूर करने में कैसे मदद करती है।
(150 शब्द) 10

What is ethics? Do we agree that adherence to ethics in human action would promote better functioning of an organisation? Substantiate by giving examples, how ethics helps resolve conflicts in day-to-day functioning.
(150 Words) 10

नैतिकता एक सामाजिक व्यवस्था है जिसमें समाज द्वारा स्वीकृत सिद्धांत, नैतिक मूल्य, आदर्शों का समुच्चय होता है जिनका पालन समाज और व्यक्ति से अपेक्षित होता है।

उदाहरण के तौर पर भारतीय समाज में बड़ों का आदर करना नैतिक व्यवस्था का हिस्सा माना जाता है।

मानवीय व्यवहार में नैतिकता का अनुपालन किसी संगठन के बेहतर कार्यकरण को निम्नलिखित रूप में प्रोत्साहित करेगा –

(i) यह संगठन को पालन करने हेतु निश्चित कार्यवाही का सेट प्रदान करते हैं
↳ नैतिक मूल्य (समयबद्धता,

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

सत्यनिष्ठा, ईमानदारी जैसे मूल्यों से संगठन की उत्पादकता बढ़ती है।

(ii) संगठन में क्षैतिज व ऊर्ध्वाधिर पारदर्शिता व जवाबदेहिता से उत्तरदायित्व की निश्चितता बनी रहती।

<u>नैतिकता दैनंदिन कार्यों में संघर्षों को दूर करने में सहायक</u>:- ~~प्रयास~~ किसी कंपनी में नैतिकता के पालन से उसे जनता का विश्वास प्राप्त होता, कर्मचारियों की कंपनियों के प्रति व प्रतिबद्धता बढ़ने से आंतरिक संघर्ष कम होता है

↳ कार्यकरण के निश्चित पालन से क्षैतिज व ऊर्ध्वाधिर संघर्ष की संभावना कम होती है।

↳ प्रत्येक कर्मचारी तथा अधिकारी के लिए '<u>क्या करें</u>' 'क्या न करें' के निर्देश होने से परस्पर हस्तक्षेप की संभावना कम होती है।

नैतिकता किसी संगठन के कार्यों में प्रभाविता, पारदर्शिता, जवाबदेहिता लाने के साथ ही उसकी उत्पादकता बढ़ाने एवं जनता में साख बढ़ाने में भी सहायक होती है।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

(b) अभिवृत्तियों के निर्माण के पीछे कारक क्या हैं? क्या अभिवृत्तियों में परिवर्तन लाने के लिये कोई उपकरण उपलब्ध हैं? उदाहरण सहित चर्चा कीजिये। (150 शब्द) 10

What are the Causative Factors behind the formation of Attitudes? Are there any tools available to bring change in attitude? Discuss with examples. (150 Words) 10

अभिवृत्तियाँ किसी मनोवैज्ञानिक विषय जैसे वस्तु, व्यक्ति, स्थान इत्यादि के देखकर उत्पन्न होने वाले सकारात्मक, नकारात्मक या तटस्थ भाव का समुच्चय होती है। जैसे वर्तमान भारतीय समाज में जाति व्यवस्था को लेकर नकारात्मक अभिवृत्तियाँ विकसित हो रही है।

<u>अभिवृत्तियों के निर्माण में कारक</u>:-

(i) <u>परिवार</u>:- किसी व्यक्ति के समाजीकरण में परिवार पहला व सन्निकट समूह होता है जो अभिवृत्ति निर्माण में केंद्रीय भूमिका निभाता

पितृसत्तात्मक अभिवृत्ति ← (अभिवृत्ति)

↓ नैतिक मूल्यों के प्रति ↳ (पालन करने अथवा नहीं पालन करने को लेकर

↓ परिवार के सदस्यों के अभिवृत्ति (सकारात्मक या नकारात्मक अभिवृत्ति

यदि परिवार पितृसत्तात्मक है तो व्यक्ति में यही अभिवृत्ति विकसित होने की अधिक संभावना होती है

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)



(ii) समाज:- समाज द्वारा अच्छा माने जाने वाली अभिवृत्ति व्यक्ति में भी सही मानने की प्रवृत्ति पायी जाती है जैसे - यदि समाज सांप्रदायिक अभिवृत्ति रखता है तब व्यक्ति भी सांप्रदायिक अभिवृत्ति विकसित कर सकता।

(iii) सांस्कृतिक कारक:- संस्कृति भी अभिवृत्ति निर्माण में सहायक होती है जैसे - भारतीय समाज में पशुओं-पक्षियों के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति पायी जाती है।

(iv) ~~धर्म~~ धार्मिक कारक:- जैसे- बौद्ध धर्म में परोपकार का मूल्य स्वीकृत है अतः व्यक्ति दूसरों की मदद करने की सकारात्मक अभिवृत्ति रखता है।

(v) व्यक्ति का व्यक्तित्व - यदि व्यक्ति दब्बू, आक्रामक, बहिर्मुखी अथवा अंतर्मुखी है तो इसका भी अभिवृत्ति निर्माण में योगदान होता है।
जैसे- अंतर्मुखी व्यक्ति सामाजिक समारोह के प्रति नकारात्मक अभिवृत्ति रखता है।

अभिवृत्तियों के निर्माण में कई कारकों का योगदान होता है क्योंकि ये व्यक्ति के विकास व प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

Copyright – Drishti The Vision Foundation

2. (a) किसी व्यक्ति की नैतिकता का आधार उसके शैक्षिक संस्थानों से प्राप्त मूल्यों से निर्धारित होता है। उपरोक्त दावे के आधार पर चर्चा कीजिये कि शिक्षण संस्थान किस प्रकार मूल्यों को अंतर्निविष्ट करने में योगदान करते हैं। (150 शब्द) 10

The basis for a person's morality is laid by the values they acquire from their Educational Institutions. Discuss the aforementioned claim in light of how educational institutions contribute to the inculcation of values. (150 Words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

नैतिकता किसी संगठन, समूह अथवा समाज द्वारा स्वीकृत और पालन किए जाने वाले मूल्यों, आदर्शों व सिद्धांतों का समुच्चय होता है।

शैक्षणिक संस्थानों से प्राप्त होने वाले नैतिक मूल्यों अथवा नैतिक आदर्श निम्नलिखित होती है- (i) समयबद्धता:- शिक्षण संस्थानों का निश्चित कार्यसंचालन समय, पाठ्यक्रम का निश्चित सत्र, परीक्षा सत्र इत्यादि समय अनुरूप डिजाइन किए जाते है जिससे व्यक्ति में समय के प्रति अनुशासन का विकास होता है।
जैसे- स्कूलों का 10 बजे से 5 बजे तक ~~ब~~ चलना।

(ii) मेहनत, सत्यनिष्ठा, ईमानदारी जैसे मूल्यों का विकास Home Work, class work असाइनमेंट, खेल व अन्य गतिविधियों के माध्यम से किया जाता है।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

(iii) अनुशासन का मूल्य विकसित होता है

(iv) सम्मान के मूल्यों को विकसित करने में सहायक ↳ शिक्षक, कर्मचारियों व सहपाठियों के प्रति।

(v) खेल गतिविधियों व अन्य के माध्यम से 'टीम वर्क', परोपकार, करुणा जैसे मूल्य व आदर्श की प्राप्ति होती है।

जैसे- कबड्डी के खेल से टीम वर्क का मूल्य

(vi) शिक्षण संस्थान केवल संस्थान के लिए आवश्यक मूल्यों का ही विकास नहीं करते बल्कि व्यक्ति व समाज हेतु महत्वपूर्ण माने जाने वाले मूल्यों का भी विकास करते हैं जैसे

↳ बंधुत्व का मूल्य
↳ राष्ट्रप्रेम का विकास
↳ वैज्ञानिक व तार्किक मनोवृति इत्यादि।

व्यक्ति के संपूर्ण विकास में शिक्षण संस्थानों, समाज व परिवार द्वारा जिवन भर मूल्यों व नैतिकता का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

(b) वर्तमान में हम भारतीय नौकरशाही की मूल्य प्रणाली में गंभीर ह्रास देख रहे हैं। इस संबंध में, स्वामी विवेकानंद का जीवन सिविल सेवा की मूल्य प्रणाली को पुनः उन्मुख करने के लिये ज्ञान का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत प्रदान करता है। टिप्पणी कीजिये। (150 शब्द) 10

We are currently observing a serious decline in the Indian bureaucracy's value system. In this regard, the life of Swami Vivekanand offers a significant source of knowledge for reorienting the civil service's value system. Comment. (150 Words) 10

भारतीय नौकरशाही से मूल्य प्रणाली और आदर्शों के पालन की अपेक्षा की जाती है ताकि कल्याणकारी राज्य, सुशासन, सुविधाप्रदाता, नागरिक चार्टर जैसी अवधारणाओं को साकार किया जा सके।

परंतु द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग की चौथी रिपोर्ट 'शासन में नैतिकता' ने भारतीय नौकरशाही में मूल्यों के ह्रास को इंगित किया है जिसमें शामिल है-

↳ नौकरशाही की अभिजात्यवादी मानसिकता
↳ सेवा भावना की कमी
↳ योजनाओं, कार्यक्रमों व नीतियों के प्रति समर्पण की कमी
↳ भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, जैसी प्रवृत्तियाँ बढ़ रही है।
↳ नौकरशाही में सत्यनिष्ठता, ईमानदारी, पारदर्शिता, और जवाबदेहिता जैसे मूल्यों

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

का ह्रास देखा जा रहा है।

विवेकानंद की शिक्षाएं जो भारतीय नौकरशाही हेतु प्रासंगिक है:- (1) सेवा भावना की बाध्यता- 'दरिद्र नारायण' के प्रति जिससे सेवा का लाभ वंचित व अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

(2) प्रतिबद्धता का मूल्य - "जब तक समाज में वंचित व अशिक्षित व्यक्ति मौजूद है तब तक प्रत्येक शिक्षित व सुविधा प्राप्त व्यक्ति का कर्त्तव्य है कि वह उनके उत्थान हेतु कार्य करे।

(3) सार्वजनिक हित को केंद्र में रखना - "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न कर लो"

(4) आंतरिक ऊर्जा व शक्ति का महत्व - इसके कारण प्रशासक व संगठन की संपूर्ण उत्पादकता का प्रयोग हो सकेगा।

21वीं सदी की जनता की आकांक्षाओं व सीमित संसाधनों के परिप्रेक्ष्य में भारतीय नौकरशाही हेतु स्वामी विवेकानंद के आदर्श अत्यंत विचारणीय है।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

3. निम्नलिखित में से प्रत्येक उद्धरण आपके लिये क्या मायने रखता है?

What does each of the following quotations mean to you?

(a) "जैसा साधन वैसा साध्य"। – महात्मा गांधी (150 शब्द) 10

"As the means, so the end". – Mahatma Gandhi (150 Words) 10

'जैसा साधन वैसा साध्य' वाक्यांश गांधीजी द्वारा परिणाम या लक्ष्य तथा उसके उपकरण, मार्ग अथवा माध्यम के बीच आंतरिक संबंध को इंगित करता है।

ये अत्यंत विचारणीय नैतिक मुद्दा है कि साधन महत्वपूर्ण या पवित्र होना चाहिए या साध्य पवित्र होना चाहिए।

जहाँ उपयोगितावादी अथवा तथा परिणामसापेक्षवादी साध्य अथवा परिणाम को केंद्रीय महत्व देते हैं तथा उसी से साधन की पवित्रता निर्धारित करते हैं। इनके लिए 'अधिकतम व्यक्तियों के सुख अधिकतम सुख' के लिए कोई भी माध्यम सही हो सकता है।

वहीं परिणाम निरपेक्ष वादी तथा गांधीजी का मानना है कि साध्य के साथ ही साधन की पवित्रता भी महत्वपूर्ण है इस

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

संदर्भ में इनका प्रसिद्ध कथन है कि "~~बोये~~ बोए बबूल ~~के~~ के कांटे तो आम कहां से होए" अर्थात् यदि माध्यम अपवित्र तथा अशुद्ध है तो साध्य कैसे शुद्ध हो सकता है।

इसका उदाहरण चौरा-चौरी की घटना में देखा गया था जब जनता के उग्र प्रदर्शन व हिंसक होने पर असहयोग आंदोलन को वापस ले लिया गया।

यह सही है कि पवित्र व शुद्ध साध्य के लिए ~~भी~~ साधन भी पवित्र व शुद्ध होना चाहिए क्योंकि साधन सामान्यतः ज्ञात होता है जिसे प्रबंधित, नियंत्रित अथवा संशोधित किया जा सकता है जो अज्ञात साध्य तक पहुँचने में सहायक होता है।

वर्तमान में आंतकवाद, मनीलांड्रिंग, जलवायु परिवर्तन, असमानता की बढ़ती प्रवृत्ति में साधन व साध्य ~~की~~ दोनों की पवित्रता व शुद्धता प्रासंगिक है।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

(b) "आप किसी भी डर पर विजय प्राप्त कर सकते हैं यदि आप केवल दृढ़ निश्चय कर लें। याद रखें, डर केवल आपके मस्तिष्क में होता है।" – डेल कार्नेगी (150 शब्द) 10

"You can conquer almost any fear if you will only make up your mind to do so. For remember, fear does not exist anywhere except in the mind" – Dale Carnegie. (150 Words) 10

डर किसी अनिश्चित, विपरित अथवा असफल परिस्थिति उत्पन्न होने को लेकर उत्पन्न भय की मनः स्थिति होती है। जैसे किसी व्यक्ति का रात में सुनसान व अंधेरी सड़क पर चलने पर डर की भावना रहती है।

डर को नियंत्रित व विनियमित करने के कई उपकरण होते हैं जिनसे व्यक्ति आंतरिक सुसंगति बनाए हुए अपने कार्यों को आगे बढ़ा सके उन्हीं में से एक दृढ़ ~~निति~~ निश्चय।

दृढ़ निश्चय विपरीत व अनिश्चित परिस्थितियों व समय में व्यक्ति को भय कम करने, साहस प्रदर्शित करने, नेतृत्व करने, आवाज उठाने के लिए प्रेरित करता है ताकि व्यक्ति प्रतिकूल स्थिति से बाहर आ सके अथवा उन्हें न्यूनतम कर सके।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

अरुणिमा सिन्हा जब रेलवे दुर्घटना में अपने दोनों पैर गवाँ चुकी थी साथ ही अपने आर्मी ज्वाइन करने के सपने को छोड़ चुकी थी तब अपने डर को कम कर उन्होंने माउंट एवरेस्ट को फतेह किया वह भी अपने दृढ़ निश्चय के सहारे।

यदि मस्तिष्क किसी डर या भय को उचित रूप से संतुलित कर ले तथा उसके सकारात्मक अभिप्रेरणा में तथा ऊर्जा में परिवर्तित कर दे तब असंभव व असाधारण लगने वाले कार्य भी पूर्ण हो जाते हैं।

यही मनोवृत्ति भारत-पाकिस्तान-1971 के युद्ध में भारतीय सैनिकों की देखी गयी थी।

इसलिए प्रसिद्ध उक्ति है कि 'डर के आगे जीत' है यदि डर पर उचित व वांछनीय नियंत्रण हो तब यह भी व्यक्ति की प्रगति में सहायक हो सकता है।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

(c) "राजनीति में भाग न लेने की कीमत किसी अधीनस्थ द्वारा शासित होने के रूप में चुकानी पड़ती है।" - प्लेटो (150 शब्द) 10

"One of the penalties for refusing to participate in politics is that you end up being governed by your inferiors." – Plato (150 Words) 10

राजनीति में अक्सर प्रश्न उठता है कि क्या मतदाता को वोट देना चाहिए, अपना प्रतिनिधि चुनना चाहिए, क्या प्रतिनिधि से उसके कार्य-कारण इत्यादि के प्रश्न पूछना चाहिए।

राजनीति के इन्हीं नैतिक मुद्दों को प्लेटो का यह वाक्य कि "राजनीति में भाग न लेने की कीमत किसी अधीनस्थ द्वारा शासित होने के रूप में चुकानी पड़ती है" के रूप में उत्तर मिलता है।

यदि जनता राजनीति में हिस्सा नहीं लेती जिसमें वह वोट देने, सरकार से प्रश्न पूछने, प्रतिनिधि से उसकी नीतियों 'क्या किया जा रहा', 'क्या नहीं किया जा रहा' जैसे कार्य नहीं करती है तो वह किसी निरंकुश, तानाशाह व राजतंत्र की धुरी पर

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

पर खड़ी हो जाएगी। जहाँ जनता के हित के बजाय शासन करने वालों के निजी व व्यक्तिगत हित केंद्र में होंगे जिसकी प्रवृत्ति निम्नलिखित रूप में दिख सकती है-

- राजनीति का अपराधीकरण (45% भारतीय सांसद अपराधी)
- भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, कोनी कैपिटलिज्म जैसी प्रवृत्तियों का विकास
- सत्ता का केंद्रीयकरण, निरंकुश व तानाशाही स्वरूप का विकास होता है।

वर्तमान में भारतीय राजनीति में जनता की भागीदारी बढ़ाने के प्रयास किए गए -

- सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार।
- सूचना का अधिकार अधिनियम
- चुनावी बॉड की उपलब्धता
- पंचायती राज संस्थान की स्थापना।

निस्संदेह जनता की अधिकतम भागीदारी ही शासन व राजनीति को नैतिकता के लिए प्रेरित कर सकती है अन्यथा वह सदैव स्वयं के कमजोर व्यक्ति द्वारा शासित होने को मजबूर होगी।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

4. (a) आधुनिक समय में नैतिक मूल्यों का संकट अच्छे जीवन की एक संकीर्ण धारणा में पाया जाता है। चर्चा कीजिये। (150 शब्द) 10

The crisis of ethical values in modern times is traced to a narrow perception of the good life. Discuss. (150 Words) 10

नैतिक मूल्य किसी समाज द्वारा स्वीकृत नैतिकता का उप-समुच्चय होता है जिसमें उचित-अनुचित, वांछनीय-अवांछनीय, सही-गलत का वर्गीकरण लागू होता है।

जैसे - सत्य बोलना एक नैतिक मूल्य है जबकि असत्य बोलना अनैतिक मूल्य।

आधुनिक समय में अच्छे जीवन की संकीर्ण धारणा :- (i) अत्यधिक भोग करने की प्रवृत्ति को सही माना जाता है तथा इसे 'status symbol' के माना जाता है।

जिससे धन, वस्तु, सेवाओं के अत्यधिक संग्रहण की प्रवृत्ति जन्म लेती है।

(ii) भौतिकतावाद को केंद्र में रखने से व्यक्ति अपनी सहज आंतरिक चेतना व मूल्यों से भी दूर जा रहा है।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

(iii) आधुनिक मूल्यों की संकीर्ण व्याख्या करना जैसे - स्वतंत्रता को केवल व्यक्ति के लिए मानना ~~न कि सम~~ वह भी समाज से स्वतंत्रता के रूप में न कि समाज में स्वतंत्रता के रूप में।

(iv) समानता की तरफ बढ़ते हुए भी आर्थिक असमानता, सामाजिक असमानता, लैंगिक असमानता में बढ़ोत्तरी हो रही है।

नैतिक मूल्यों का संकट :-

- व्यक्तिगत हित (स्वतंत्रता, प्रतिस्पर्धा, उत्कृष्टता) बनाम सार्वजनिक हित (समता, बंधुत्व, समन्वय) को लेकर द्वंद्व
- पारिवारिक मूल्य बनाम निजी मूल्य (विवाह संस्था को बनाए रखना बनाम लिव-इन रिलेशनशिप बनाए रखना)
- स्वयं की प्रगति बनाम समाज की प्रगति ('प्रथम' आना की धारणा बनाम समाज को 'प्रथम' बनाना)

नैतिक मूल्यों में भी सापेक्षिकता होती है किंतु वास्तविक संकट, आधुनिक जीवन की संकीर्ण धारणा में निहित है।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

(b) सिविल सेवकों के बीच भावनात्मक बुद्धिमत्ता विकसित करने के तरीकों पर चर्चा कीजिये और उन तरीकों पर प्रकाश डालिये जिनमें इसे प्रशासनिक कामकाज में लागू किया जा सकता है। (150 शब्द) 10

Discuss the ways to develop emotional intelligence among civil servants and highlight the ways in which it can be applied in administrative functioning. (150 Words) 10

भावनात्मक बुद्धिमत्ता किसी व्यक्ति की स्वयं की भावनाओं को प्रभावी प्रबंधन करने, भावनाओं को समझने (स्वयं व दूसरों की), उनका प्रबंधन करने तथा समाधान करने की क्षमता को कहा जाता है।

उदाहरण के तौर पर सिविल संगठन में कर्मचारियों की भावनाओं व अशांति का कारण समझ कर उनका प्रबंध करने पर संगठन के लक्ष्य व उत्पादकता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

सिविल सेवकों के बीच भावनात्मक बुद्धिमत्ता विकसित करने के निम्नलिखित तरीके हैं :-

(i) फील्ड ट्रेनिंग :- रिमोट एरिया में सिविल सेवकों की ट्रेनिंग होने पर उन्हें जनता की वास्तविक समस्याओं, आवश्यकताओं व स्थिति को समझने में सहायक होता है जिससे उनमें सेवा भावना का विकास होता है।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

(2) <u>बाध्यकारी अनुबंध</u> - प्रशासनिक अधिकारीयों को निश्चित निर्देश का पालन करने का कहा जाता जिससे इनमें सकारात्मक भाव विकसित हो सके।

(3) <u>रोल प्लेयिंग (प्लेयिंग</u> - जैसे ~~यदि~~ किसी IPS अधिकारी को आरंभिक प्रशिक्षण के दौरान एक SI के अंतर्गत कार्य प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वास्तविक स्थिति समझ सके।

<u>प्रशासनिक कामकाज में लागू करना:-</u>

(i) प्रशिक्षण, कार्यशालाओं, आदेश इत्यादि के माध्यम से।

(ii) 'टीम वर्क', खेलों व अन्य गतिविधियों के माध्यम से।

भावनात्मक बुद्धिमत्ता प्रशासन को स्वयं की उत्पादकता बढ़ाने व लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक होने के साथ जनता की आकांक्षाओं का पूरा करने व उचित कार्य-संस्कृति निर्माण में सहायक होती है।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

5. (a) 'अभिवृत्ति' शब्द से आप क्या समझते हैं? उपयुक्त उदाहरणों सहित इसके घटकों का वर्णन कीजिये। (150 शब्द) 10

What do you understand by the term 'Attitude'? Describe its components with suitable examples. (150 Words) 10

अभिवृत्ति किसी मनोवैज्ञानिक विषय जैसे व्यक्ति, वस्तु, स्थान इत्यादि को देखकर उत्पन्न सकारात्मक, नकारात्मक अथवा तटस्थ भाव की मनःस्थिति होती है। <u>जैसे</u>- वर्तमान भारतीय युवाओं में पश्चिमी संस्कृति के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति देखी जा सकती है।

अभिवृत्ति के घटक
- संज्ञानात्मक घटक
- भावनात्मक घटक
- व्यवहारात्मक घटक

<u>संज्ञानात्मक घटक</u>:- अभिवृत्ति में सामान्यतः एक विश्वास निहित होता है जो उसे प्राप्त जानकारी, सूचना, अनुभव इत्यादि से निर्मित होता है।

जैसे विद्यार्थी का किसी विशेष पाठ्यपुस्तक को ~~अधि~~ लेकर सकारात्मक अभिवृत्ति होती

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

है क्योंकि उसे जानकारी प्राप्त है कि इससे परीक्षा में प्रश्न आएगे।

<u>भावनात्मक घटक</u> :- अभिवृत्ति में भावना का केंद्रिय महत्व होता है जो उसे निर्धारित करती है जैसे- माँ द्वारा भावनात्मक लगाव के कारण बच्चों की आवश्यकता की पूर्ति करने के कारण बच्चा माँ के प्रति सकरात्मक अभिवृत्ति रखता है।

<u>व्यवहारात्मक घटक</u> - किसी अभिवृत्ति में व्यवहारात्मक घटक उपस्थित हो सकता है और नहीं भी। इनमें संयोग का संबंध होता है
<u>जैसे</u> - पितृसतात्मक अभिवृत्ति होने पर व्यक्ति घर में महिलाओं के प्रति भेदभाव कर सकता है किंतु सार्वजनिक स्थल पर दबाव के कारण इस अभिवृत्ति के व्यवहार में परिणत होने की संभावना कम होती है।

अभिवृत्ति में सामंजस्य होने पर यह व्यक्ति की सहजता का साकार करती है तथा उसकी प्रगति में सहायक हो सकती है।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

Copyright – Drishti The Vision Foundation

(b) एक शांतिपूर्ण और सहकारी समाज के लिये नैतिकता महत्त्वपूर्ण है। आपकी समझ के अनुसार मानव व्यवहार में नैतिकता को निर्धारित करने वाले तत्त्व कौन से हैं? (150 शब्द) 10

Ethics is important for a peaceful and cooperative society. What are the determinants of ethics in human actions as per your understanding? (150 Words) 10

नैतिकता एक सामाजिक व्यवस्था है जिसमें समाज द्वारा स्वीकृत नैतिक मूल्यों, आदर्शों, सिद्धांतों का समुच्चय होता है जिनका पालन करना समाज व व्यक्ति से अपेक्षित होता है।

नैतिक व्यवस्था में कुछ सार्वकालिक मूल्य होते हैं जैसे शांति, आनंद, सुख, करुणा इत्यादि ताकि समाज व व्यक्ति में बेहतर सामंजस्य बना रहे और व्यक्ति और समाज को विकास का पर्याप्त विकल्प व अवसर मिल सके।

चूंकि समाज में 'करणीय' या 'अकरणीय' के संबंध में निर्देश बने रहते हैं जिससे संघर्ष, कटुता, ईर्ष्या, घृणा, विद्वेष, अहिंसा की संभावना न्यूनतम की जाती है।

व्यक्ति व समाज परोपकार, शुचिता, करुणा, दया, हर्ष, आनंद जैसे

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

मूल्यों के साथ आगे बढ़ते हैं जिससे समाज में शांति व सहकारिता बनी रहती है।

मानव व्यवहार में नैतिकता को निर्धारित करने वाले कारक

कर्ता | पीड़ित | प्रयोजन | परिस्थिति | परिणाम

सामाजिक दंड व्यवस्था के संचालन हेतु नैतिकता अनिवार्य होती है जैसे - हत्या किसी 7 वर्ष से कम बालक या मंदबुद्धि व्यक्ति द्वारा की गई तब न्याय व्यवस्था का न्याय अलग होगा परंतु यदि दुर्दांत अपराधी द्वारा हत्या की गई तब न्याय अलग होगा।

यदि किसी महिला का बलात्कार हो रहा है और वह उस व्यक्ति की आत्म रक्षा में हत्या कर देती है तब भिन्न न्याय होगा।

यदि किसी डॉक्टर द्वारा कैंसर का इलाज करने के दौरान व्यक्ति की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है तब भी इसे नैतिक माना जाएगा।

नैतिकता में भी सापेक्ष स्थिति होती है किन्तु कुछ सार्वभौमिकता भी होती है।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

6. (a) सार्वजनिक जीवन में नैतिकता की भूमिका पर प्रकाश डालिये। यह उच्च सार्वजनिक पद में विवेक के प्रयोग को कैसे नियंत्रित करता है? (150 शब्द) 10

Highlight the role of ethics in public life. How does it regulate the exercise of discretion in higher public offices? (150 Words) 10

सार्वजनिक जीवन में नैतिकता से आशय पब्लिक लाइफ में स्वीकृत नैतिक मूल्यों, आदर्शों व सिद्धांतों के समुच्चय से है जिनका पालन करने की ~~उचित~~ व्यक्ति से अपेक्षा की जाती है।

उदाहरण के तौर पर सार्वजनिक अधिकारी से अपेक्षा की जाती है कि वह नीतियों का कार्यान्वयन समयबद्ध रूप में करें।

सार्वजनिक जीवन में नैतिकता की भूमिका :-

(i) उचित कार्य-संस्कृति का निर्माण होता है उदा० - कॉर्पोरेट संस्थान में संस्कृति है कि कार्य समयबद्ध, परिणाम-उन्मुख होना चाहिए।

(ii) कुछ करने 'या' न करने' का निर्देश होता है जिससे जवाबदेहिता व उत्तरदायित्व सुनिश्चित हो पाता है।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

(iii) इसके सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता, ईमानदारी जैसे मूल्यों का विकास होता है।

जैसे- RTI अधिनियम के लागू होने के बाद सूचना देना नैतिकता का हिस्सा माना जाता है।

उच्च सार्वजनिक पद में विवेक को नियंत्रित करने में नैतिकता की भूमिका :-

उच्च सार्वजनिक पद में कुछ विवेकाधीन शक्तियाँ व अधिकार होते हैं जिनका प्रयोग व्यक्ति स्वहित, व्यक्तिगत लाभ हेतु कर सकता है। जैसे- भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद इत्यादि।

~~नैतिकता~~ नैतिकता व्यक्ति को पद की गरिमा को बनाए रखने तथा पदीय कर्तव्य व सार्वजनिक हित को केंद्र में रखने को प्रेरित करते हैं जैसे- मेट्रो मैन श्री. धारन द्वारा समयपूर्व परियोजना पूरा किया जाना।

सार्वजनिक जीवन में नैतिकता अनिवार्य है ताकि सुशासन व नैतिक शासन की स्थापना 26 की जा सके।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

(b) हमारे समय में व्यापक विश्वास की कमी से व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण से संबंधित कई परिणाम सामने आए हैं। विश्लेषित कीजिये। (150 शब्द) 10

The widespread trust deficit in our times has many consequences for personal and societal well-being. Explain. (150 Words) 10

विश्वास एक संज्ञानात्मक अभिवृत्ति होती है जो 'किसी में भरोसा', 'अस्तित्व होना', 'सच होने के रूप' में होती है। जैसे- ईश्वर के अस्तित्व में विश्वास होना।

~~हमारे~~

हमारे समय में व्यापक विश्वास की कमी :-

(i) व्यक्ति के स्तर पर :- वर्तमान की अनिश्चित व तीव्र परिस्थितियों के कारण व्यक्ति का स्वयं पर भी विश्वास कम हो रहा है जैसे UPSC की परीक्षा में लगातार असफल होने पर व्यक्ति का स्वयं से विश्वास उठ जाता है।

(ii) समाज के स्तर पर - समाज में व्याप्त जाति-व्यवस्था, नस्लवाद, धार्मिक रूढ़िवाद, सांप्रदायिकता, रंगभेद इत्यादि में विश्वास में कमी की है। जैसे - भारतीय समाज में हिंदू व मुस्लिम संप्रदाय में विश्वास की कमी दंगों व हिंसा के रूप में सामने आई है।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

27
www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

(iii) राष्ट्र-राज्य अथवा केंद्र-राज्य – राज्य व केंद्र में नीतियों, परियोजनाओं, कार्यक्रमों में विश्वास व सामंजस्य कम होने के कारण लक्ष्य की प्राप्ति में असफलता।

जैसे- मोटर वाहन अधिनियम के हालिया संशोधन

(iv) अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर – आतंकवाद, संरक्षणवाद, युद्ध, शरणार्थी समस्या, मनी लॉन्ड्रिंग इत्यादि ने विश्वास में कमी की है जिससे देशों का एक-दूसरे पर भरोसा, अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं (UNO, IMF, WB) पर विश्वास कम हुआ है।

इन सब के बरक्स कुछ विश्वास के बढ़ने के उदाहरण भी मौजूद है –

(i) एलन मस्क व उनकी कंपनी की हालिया उपलब्धियाँ

(ii) समाज में सौहार्द, बंधुत्व, जनता की बेहतरी

(iii) राज्य-केंद्र में नीति आयोग, प्रगति पोर्टल इत्यादि पर सहमति

(iv) अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पेरिस कन्वेंशन, FATF की हालिया गतिविधियाँ।

विश्वास में वृद्धि आवश्यक है ताकि आंतरिक सुसंगति व सामंजस्य बना रहे।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

खंड - ख / SECTION - B

7. आमतौर पर यह देखा गया है कि एक ओर भव्य पार्टियों और रेस्तराँ में बहुत अधिक भोजन की बर्बादी होती है, दूसरी ओर नीति आयोग के बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार भारत के लगभग 30% लोग गरीबी रेखा से नीचे रह रहे हैं और उन्हें पौष्टिक भोजन प्राप्त करने में कठिनाई होती है। आप एक आकांक्षी जिले में जिलाधिकारी के पद पर तैनात हैं। हाल ही में आपके संज्ञान में एक रिपोर्ट आई है कि आपके जिले में भुखमरी के कारण कुछ बच्चों की मौत हो गई है। चूँकि, आप ठीक-ठाक पारिवारिक पृष्ठभूमि से आते हैं और भूख की गंभीरता के साथ आपका पहला अनुभव है, आप इस समस्या को हल करना चाहते हैं। इसके लिये आप किसी एनजीओ के साथ अभियान चलाना चाहते हैं। लेकिन एन.जी.ओ. आपको सूचित करता है कि यहाँ कुछ लोगों का अनदान के प्रति उदासीन रवैया है। जबकि आम जनता स्थिति से अनभिज्ञ है। अमीर वर्ग, जो इस अभियान में पर्याप्त सहायता कर सकते हैं, वह भोजन दान और संबद्ध सामाजिक कल्याण के प्रति अनिच्छुक है। उपरोक्त स्थिति के संदर्भ में, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये: (250 शब्द) 20

(a) इस मामले में शामिल नैतिक मुद्दों की पहचान कीजिये।

(b) इस स्थिति से निपटने के लिये अल्पकालिक और दीर्घकालिक उपाय भी बताइये?

It is generally observed that there is a lot of food wastage at lavish parties and restaurants. On the other hand, as per the NITI Aayog's Multidimensional Poverty Index around 30% peoples of India are living below the poverty line and find it difficult to access nutritious food/ meal.

You are posted as the District Collector in an aspirational district. Recently, a report has come to your notice that a few children have died due to hunger prevailing in your district. Since you come from a humble background and have first-hand experience with the severity of hunger, you aspire to solve this problem. For this, you want to run a campaign with an NGO. But NGO informs you that here some people have an apathetic attitude towards the food donation. While the general public is unaware of the situation, the rich class is disinclined to food donations and associated social welfare that such a campaign can achieve.

Given the situation, answer the following questions: (250 Words) 20

(a) Identify the ethical issues involved in this case.

(b) Suggest short-term and long-term measures to deal with this situation.

उपरोक्त केस स्टडी बहुआयामी गरीबी में व्याप्त जनता व भव्य पार्टियों में संलग्न लोगों की एक साथ स्थिति द्वारा कंट्रास्ट दिखा रही है।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

हितधारक	हित
(1) बहुआयामी गरीबी में संलग्न जनसंख्या	→ पौष्टिक भोजन → जीवन की सुरक्षा → मृत्यु की घटनाएं → परिवार का लालन-पालन → सहायता प्राप्त करना
(2) जिले के अमीर व आभिजात्य वर्ग	→ भव्य पार्टियों का आयोजन व भोजन की बर्बादी → भोजन दान व सामाजिक कल्याण के प्रति अनिच्छुक
(3) गैर-सरकारी संगठन	→ सूचना देने में → लोगों की सहायता करने हेतु → जागरूकता फैलाने के लिए
(4) आम जनता	→ भुखमरी के प्रति उदासीन रवैया → अनभिज्ञता → सहायता प्रदान करने में
(5) जिलाधिकारी व राज्य	→ ~~लोगों~~ लोगों को भोजन उपलब्ध करवाना → राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों व गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार को सुनिश्चित करना।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

(A) नैतिक मुद्दे:-

(1) भुखमरी:- बच्चों का भूख से मरना केवल भोजन की कमी या अपर्याप्त न होकर बहुआयामी गरीबी का परिणाम है। तथा ~~जिले~~ जिले की 'भविष्य के मरने' की घटना भी है।

(2) भोजन की बर्बादी - कुछ लोगों द्वारा खाने की बर्बादी की जा रही जो संसाधनों का केंद्रीयकरण करके रखते हैं।

(3) आम जनता व अमीर वर्ग की उदासीनता व सहायता करने की अनिच्छुक स्थिति के कारण स्थिति के ठीक होने की संभावना भी न्यूनतम है।

(4) 'जीवन का अधिकार' का प्रश्न क्योंकि यहां राज्य की भूमिका भी प्रश्न के घेरे में है।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

